पद : अधिकारी – (डेटा अनुसंधान और विश्लेषण) **पद कोड : MII-ORA-01**

कुल पद : 1 (एक)

अवधि : मेक इन इंडिया के लिए जैव प्रौद्योगिकी उद्योग सुविधा प्रकोष्ठ कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (पीएमयू) की स्थापना जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) द्वारा बाइरैक में की गई है। यह पद पूर्ण रूप से अस्थायी (अनुबंध के आधार पर) है और परियोजना की समाप्ति के साथ समाप्त हो जाएगा। परियोजना की वर्तमान अवधि मार्च 2026 तक है।

समेकित पारिश्रमिक : योग्यता और अनुभव के आधार पर प्रति माह 60,000/- रु. से 2,10,000/- रु. के मध्य बीच एकमुश्त राशि।

कार्य विवरण : बायोटेक क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय मिशन कार्यक्रम - मेक इन इंडिया (MII) का नेतृत्व डीबीटी द्वारा किया जाता है जो कि वर्ष 2015 से बाइरैक संस्था द्वारा समर्थित है। PMU नीति वकालत, डेटा अनुसंधान और विश्लेषण, हितधारकों के परामर्श और रणनीतिक इनपुट प्रदान करता है। यह बायोफाउंड्री/बायोमैन्युफैक्चरिंग पहल का समर्थन करता है। इस PMU के तहत स्थापित बायोटेक क्षेत्र के लिए परियोजना विकास प्रकोष्ठ मुख्यतः निवेश मंजूरी प्रकोष्ठ देश की जैव अर्थव्यवस्था और बायोटेक नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए इन्वेस्ट इंडिया और डीबीटी के साथ मिलकर काम करेगा। अधिकारी एमआईआई प्रकोष्ठ की गतिविधियों के समग्र निष्पादन में टीम का समर्थन करेंगे, हितधारकों के बीच बातचीत का समन्वय करेंगे और नीति स्तर के इनपुट के लिए आवश्यक डेटा विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

रिपोर्टिंग : चयनित अभ्यर्थी मिशन निदेशक – एमआईआई को रिपोर्ट करेंगे।

मुख्य उत्तरदायित्व :

- रणनीति संबंधी बैठकों, विजन दस्तावेजों, हितधारकों के साथ संवाद के संगठन, समन्वय और दस्तावेज़ीकरण में सहायता और सहयोग करना।
- जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में मेक इन इंडिया के लिए लागू विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना।
- मेक इन इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया कार्य योजनाओं की गतिविधियों पर नियमित अपडेट प्रदान करना।
- उद्योग, राज्यों, निवेशकों और अन्य हितधारकों के साथ साझेदारी का प्रबंधन और विस्तार करना।
- राज्य सम्मेलनों, वेबिनार, हितधारकों की बैठकों, निवेशक परामर्श और अन्य आउटरीच गतिविधियों जैसी गतिविधियों के आयोजन में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करना।
- MII माइक्रोसाइट का प्रबंधन और अद्यतित करना और विभिन्न डैशबोर्ड को अद्यतित रखना।
- सौंपी गई गतिविधियों के लिए MII टीम की सहायता करना।
- बायो-मैन्युफैक्चरिंग हब सहित नई पहलों/गतिविधियों में सहायता करना।
- मेक इन इंडिया के अधिदेश के साथ संरेखित अन्य कार्यों में सहयोग करना।
- आवश्यकतानुसार घरेलू हवाई यात्रा करना।

अनिवार्य योग्यता :

जैविक विज्ञान/ संबद्ध क्षेत्रों/ सार्वजनिक नीति/ नीति प्रशासन में स्नातकोत्तर

वांछनीय योग्यता :

औद्योगिक अनुप्रयोग के अनुवादात्मक अनुसंधान में पीएचडी।

उत्तम लिखित और मौखिक संचार कौशल

अनुभव :

किसी भी प्रतिष्ठित जीवन विज्ञान उद्योग / सरकारी एजेंसी / केपीओ / सीआरओ / सीडीएमओ / स्टार्टअप / सार्वजनिक नीति प्रशासन / अन्य में न्यूनतम 2 वर्ष का कार्य अनुभव।

वांछनीय :

विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने, दस्तावेज़ीकरण कौशल, डेटा विश्लेषण में अनुभव

आयु सीमा : रिक्ति की अंतिम तिथि को अधिकतम 30 वर्ष।